Regarding construction of Nawalpur?Ratwal National Highway Project-laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) : मनुआपुल से रतवल मार्ग की लम्बाई 37 KM है , जिसमे से मनुआपुल से नवलपुर मार्ग लगभग 20 km का निर्माण कर लिया गया है। नवलपुर से रतवल मार्ग (लगभग 17 KM) है, जिसका निर्माण केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (CRIF), से कराया जाना है। जिसमें अभी तक कोई प्रगति नहीं है। नवलपुर से रतवल आने जाने में क्षेत्रवासियों को काफी अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वर्षा के समय यह मार्ग पूर्ण रूप से बन्द हो जाता है। इस सड़क के निर्माण के लिए मैंने आपको पत्र के माध्यम से भी आग्रह किया था, परन्तु अभी तक इसमें कोई ठोस कारवाई नही हुई है। साथ ही इस सड़क का विस्तार रजवटिया से आगे बगहा होकर मंगलपुर तक किया जाए। अतः मैं मांग करता हूँ कि नवलपुर-रतवल राजमार्ग का निर्माण जनहित में यथाशीघ्र कराया जाए।